आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur-302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/
e-mail: jdacad1960@gmail Ph 0141-2706550

क्रमांकः एफ.7 (4) विविध/अकाद/आकाशि/2021/ 143 दिनांक : 2/6/2021

प्राचार्य
एवं संकाय सदस्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय,
राजस्थान

विषयः– **कोरोना की द्वितीय लहर एवं ग्रीष्मावकाश के दौरान राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत सह/सहायक आचार्यो द्वारा स्वयं के शैक्षणिक उन्नयन हेतु किये गये कार्य।**

महोदय,

जैसा कि आपको विदित है कि कोरोना की द्वितीय लहर के दौरान राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाइन शिक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके विषय के पाठ्यक्रम से सम्बन्धित समस्त सामग्री (व्याख्यान एवं pdf नोट्स) उपलब्ध करवाये जाने का हर सम्भव प्रयास आपके सहयोग से विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके साथ ही इस विभाग ने महाविद्यालय में कार्यरत सह/सहायक आचार्यो को वर्तमान परिस्थितियों में अपने विषय में अघतन रहने हेतु उनके द्वारा किये जा रहे व्यक्तिगत प्रयासों को भी निरन्तर प्रोत्साहित किया है।

विभाग के ज्ञानसुधा कार्यक्रम में महाविद्यालय के सह/सहायक आचार्यो की सक्रिय भागीदारी एवं रचनात्मक योगदान से विद्यार्थी निरन्तर लाभान्वित हो रहे हैं जिसके लिये आप सभी साधुवाद के पात्र हैं। इसी तरह का एक ओर प्रयास जून, 2021 के प्रथम सप्ताह में ज्ञानदूत कार्यक्रम के रूप में प्रारम्भ किया जा रहा है जिसमें भी आपका सहयोग पूर्व की भांति अपेक्षित है।

इसी क्रम में आपके द्वारा विगत दो माह (अप्रैल एवं मई 2021) में एवं आगामी 30 जून, 2021 तक व्यक्तिगत शैक्षणिक उन्नयन हेतु किये गये कार्यो यथा अन्तर्राष्ट्रीय /राष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र प्रकाशन , कान्फ्रेन्स/सेमिनार आदि का आयोजन एवं इनमें प्रतिभागी के रूप में भाग लेना, MOOCs जैसे coursera, edx आदि में सहभागिता, विद्यार्थियों को लाभान्वित किये जाने हेतु विभाग द्वारा प्रारम्भ किये गये विभिन्न कार्यक्रमों में व्याख्यान द्वारा योगदान तथा स्वयं की अर्जित उपलब्धियों इत्यादि का विवरण विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई गयी Google Spread sheet (Academic Excellence) में भरवाया जाना सुनिश्चित करें।

प्रत्येक संकाय सदस्य इस बात को सुनिश्चित करेगें कि उनकी सूचना विभाग की शीट पर अपलोड कर दी गई है ।

02/06/2021
(संदेश नायक)
आयुक्त
कॉलेज शिक्षा, राजस्थान

क्रमांकः एफ.7 (4) विविध/अकाद/आकाशि/2021/ 143 दिनांक : 2/6/2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. वेब प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा को अपलोड करने हेतु।

(डॉ0 सौमित्र नाथ झा)
संयुक्त निदेशक (अकादमिक)